Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 18-08-2006

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

an>

Title: Regarding the assets of erstwhile Raja of Mahmoodabad in Luknow and Sitapur districts of Uttar Pradesh.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) **अध्यक्ष महोदय, यह जो विाय मैं आपके सामने ला रहा हूं, यह मैं पहले भी** एक बार उठा चुका हूँ। उत्तर प्रदेश में महमूदाबाद स्टेट की एक संपत्ति लखनऊ और सीतापुर में है। इस संपत्ति के मालिक देश के बँटवारे के समय पाकिस्तान चले गए और वे उस समय तत्कालीन मुस्लिम लीग के कोाध्यक्ष थे। उनकी संपत्ति सरकार में निहित हो गई। सरकार ने उनकी संपत्ति को बेचकर उनको पैसा दे दिया और स्थानीय लोगों को आबंटित कर दिया। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि अभी 15-20 वर्ा पहले वह इस देश में आ गए, एक दल से जुड़ गए, दल से विधायक बन गए और न्यायालय में रिप्रजैन्ट करके फिर से उस संपत्ति को पा लिया। इस कारण करोड़ों अरबों रुपये की संपत्ति जो लखनऊ और सीतापुर के मुख्य स्थानों पर स्थित है, जहां सैकड़ों की तादाद में लोग रह रहे हैं और सरकारी दफ्तर हैं, उनको खाली कराने की कार्रवाई हो रही है। मैंने गृह मंत्री जी से आग्रह किया था कि इसके बारे में जानकारी प्राप्त करें। मैंने लिखकर दिया था कि सैकड़ों की तादाद में लोग बेघर हो रहे हैं। ...(व्यवधान) माननीय मोहन सिंह जी उस समय आसन पर बैठे थे और उन्होंने इस बात को समझा था और इसके बारे में दिशा निर्देश भी दिये थे। मैं दोबारा आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि माननीय गृह मंत्री जी इस ओर ध्यान दें और उचित निर्णय दें।

अध्यक्ष महोदय **:** मोहन सिंह जी फिर आपकी मदद करेंगे।

13.06 hrs.